**राजस्थान सरकार**
**तकनीकी शिक्षा विभाग**

क्रमांक : 20(5)त.शि. / 04–पार्टI जयपुर, दिनांक, 27 जनवरी, 2021

**प्राचार्य,**
अभियांत्रिकी महाविद्यालय
झालावाड।

विषय :– Approval of Minutes of meeting dated 4.01.2021 of Board of Governors.

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत निर्देशानुसार आपके महाविद्यालय की बीओजी की बैठक दिनांक 04.01.2021 में लिये गये निर्णयों के क्रम में प्रस्तुत कार्यवाही विवरण की प्रति संलग्न कर भिजवायी जा रही है। अतः बैठक में लिये गये निर्णयों की पालना करवाया जाना सुनिश्चित करें।

यह सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

संलग्न–उपरोक्तानुसार।

भवदीय

(डॉ मनीष गुप्ता)
संयुक्त सचिव, त.शि.

प्रतिलिपिः– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, राज्यमंत्री तकनीकी शिक्षा।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, तकनीकी शिक्षा।
3. स्टेट प्रोजेक्ट एडमिनिस्ट्रेटर एसपीआईयू टेक्यूप–III जयपुर।
4. रक्षित पत्रावली।

संयुक्त सचिव, त.शि

## कार्यवाही विवरण (Minutes of Meeting)

राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय सोसाईटी झालावाड़ की शाषी परिषद की 18वीं बैठक दिनांक 04 जनवरी, 2021 को प्रातः 11:30 बजे माननीय डॉ. सुभाष गर्ग, अध्यक्ष, शाषी परिषद, राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय सोसाईटी झालावाड़ एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री, राजस्थान सरकार की अध्यक्षता में Online Video Conferencing के माध्यम से आहूत हुई। उक्त बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित रहे–

1. श्रीमति शुचि शर्मा, शासन सचिव, तकनीकी शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर
2. प्रो. आर. ए. गुप्ता, कुलपति, राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा
3. प्रो. उपेन्द्र पण्डेल, मालवीय राष्ट्रीय प्रोद्योगिकी संस्थान, जयपुर
4. प्रो. जे. के. शर्मा, राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा
5. डॉ. अचला नागर, सहायक आचार्य, अभियांत्रिकी महाविद्यालय, झालावाड़
6. डॉ. नितिन आर्य, सहायक आचार्य, अभियांत्रिकी महाविद्यालय, झालावाड़
7. डॉ. करतार सिंह, सदस्य सचिव, राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय सोसाईटी झालावाड़ एवं प्राचार्य, अभियांत्रिकी महाविद्यालय झालावाड़

उपरोक्त सदस्यों के अतिरिक्त निम्न विशेष आमंत्रित सदस्य भी उपस्थित रहे–

1. श्री अनिल कुमार अग्रवाल, संयुक्त शासन सचिव, तकनीकी शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर
2. डॉ. मनीष गुप्ता, संयुक्त सचिव, तकनीकी शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर
3. डॉ. संदीप कुमार, निदेशक, सी.ई.जी., जयपुर
4. प्रो. यू. ए. दबाडे, स्टेट प्रोजेक्ट एडवाईजर (TEQIP-III), राजस्थान, जयपुर
5. डॉ. अंकुर पारीक, नोडल आफिसर (अकादमिक), स्टेट प्रोजेक्ट इम्प्लीमेन्टेशन यूनिट (TEQIP-III), राजस्थान, जयपुर

सदस्य सचिव द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं बैठक में उपस्थित अन्य सभी सदस्यों का स्वागत किया गया तथा अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई। बैठक में निम्नानुसार प्रस्तावों पर चर्चा कर निर्णय लिये गये–

**प्रस्ताव संख्या 18.01: राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय सोसाईटी झालावाड़ की 17वीं शाषी परिषद् की बैठक दिनांक 21.09.2020 के कार्यवाही विवरण (मिनट्स) की पुष्टि अनुमोदनार्थ।**

**विवरणः** शाषी परिषद् की 17वीं बैठक दिनांक 21.09.2020 का कार्यवाही विवरण पुष्टि हेतु माननीय सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

**निर्णयः** अनुमोदित ।

**प्रस्ताव संख्या 18.02: राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय सोसाईटी झालावाड़ की शाषी परिषद् की 17वीं बैठक में लिये गये निर्णयों के कम में कार्यवाही प्रतिवेदन (Action Taken Report) की पुष्टि व कियान्विति अनुमोदनार्थ।**

**विवरणः** शाषी परिषद् की 17वीं बैठक दिनांक 21.09.2020 के अनुमोदित कार्यवाही विवरण (मिनिट्स) के कम में कार्यवाही प्रतिवेदन (Action Taken Report) माननीय सदस्यों के समक्ष पुष्टि व अनुमादनार्थ रखा गया।

**निर्णयः** अनुमोदित ।

**प्रस्ताव संख्या 18.03: नवीन प्रस्ताव विचारार्थ प्रस्तुत है—**

**प्रस्ताव संख्या 18.03.01: तकनीकी शिक्षा विभाग के पत्रांक प.22(5)त.शि./2004—1 जयपुर दिनांक 01 दिसम्बर, 2020 की अनुपालना अनुसार वित्त विभाग की राय के अनुसार अभियांत्रिकी महाविद्यालय झालावाड़ एवं बारां की वित्तीय स्थिति सुदृढ करने के कम में स्टॉफ/ब्रांच / विषयों का Rationalization/Deputation के प्रस्ताव विचारार्थ।**

**विवरणः** अभियांत्रिकी महाविद्यालय झालावाड़ तथा अभियांत्रिकी महाविद्यालय बारां में AICTE द्वारा Sanctioned Intake सहित वर्तमान में अध्ययनरत विद्यार्थीयों की संख्या, ब्रांचवार / विषयवार कार्यरत नियमित संकाय सदस्यों की संख्या के साथ प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

**निर्णयः** प्रस्ताव पर चर्चा की गई। अध्यक्ष महोदय द्वारा अवगत करवाया गया कि प्रकरण राज्य सरकार के स्तर पर विचाराधीन है एवं शीघ्र ही निर्णय लिया जाना है।

**प्रस्ताव संख्या 18.03.02:** **TEQIP-III प्रोजेक्ट के अन्तर्गत Digital Learning हेतु स्वीकृत अतिरिक्त प्रावधान के उपयोग के कम में Procurement Plan अनुमोदनार्थ।**

**विवरण:** अभियांत्रिकी महाविद्यालय झालावाड़ में TEQIP-III प्रोजेक्ट के अन्तर्गत NPIU द्वारा 01 करोड के अतिरिक्त अनुदान का प्रावधान Digital Learning के उपयोग हेतु किया गया है। अभियांत्रिकी महाविद्यालय झालावाड़ में उक्त अतिरिक्त अनुदान का उपयोग का प्रस्ताव माननीय सदस्यों के समक्ष अनुमादनार्थ प्रस्तुत किया गया।

**निर्णय:** Academic Processes में दिये गये अतिरिक्त अनुदान से डिजिटल लाईब्रेरी की स्थापना के निर्देश दिये गये।

**प्रस्ताव संख्या 18.04:** **अन्य प्रस्ताव माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।**

**प्रस्ताव संख्या 18.04.01:** **TEQIP-III प्रोजेक्ट की सीमा अवधि में वृद्धि होने एवं प्रोजेक्ट में पूर्व में किये गये Curtailment के Revive होने के कारण, फन्ड की उपलब्धता के अनुसार अतिरिक्त Procurement Plan एवं जनवरी, 2021 से मार्च, 2021 का Action Plan अनुमोदनार्थ।**

**विवरण:** अभियांत्रिकी महाविद्यालय झालावाड़ में TEQIP-III फण्ड से Curtailment किया गया फण्ड पुनः Revive हो चुका है। अतः उपलब्ध फण्ड से अतिरिक्त लैब उपकरण, सोफ्टवेयर इत्यादि कय के प्रस्ताव अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किये गये।

**निर्णय:** प्रस्ताव पर चर्चा नही की गई।

**प्रस्ताव संख्या 18.04.02:** **अभियांत्रिकी महाविद्यालय झालवाड़ के नोन–सोसाईटी फन्ड से सोसाईटी फन्ड में राशि हस्तातन्रण की अनुमति हेतु।**

**विवरण:** अभियांत्रिकी महाविद्यालय झालावाड़ के सोसाईटी फन्ड खाते से किये गये व्यय राशि रु. 329.00 लाख की प्रतिपूर्ती नोन–सोसाईटी फन्ड से सोसाईटी फन्ड में हस्तांतरित करने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

**निर्णयः** प्रस्ताव पर चर्चा नही की गई।

**प्रस्ताव संख्या 18.04.03:** **अभियांत्रिकी महाविद्यालय झालावाड़ में वर्ष 2012 में नियुक्त कार्मिकों में से परीवीक्षाकाल अवधि उपरान्त देय परिलाभों से वंचित शैक्षणिक व अशैक्षणिक कार्मिको को बकाया वेतन जारी करने की अनुमति हेतु विचारार्थ।**

**विवरणः** अभियांत्रिकी महाविद्यालय झालावाड़ में वर्ष 2012 में नियुक्त एवं वर्तमान में कार्यरत कार्मिकों मे से 03 शैक्षणिक एवं 06 अशैक्षणिक कार्मिको को बकाया वेतन के अन्तर राशि के भुगतान की अनुमति हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

**निर्णयः** प्रस्ताव पर चर्चा नही की गई।

**सदस्य सचिव द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं समस्त उपस्थित सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित करने के साथ बैठक सम्पन्न हुई।**

## दिनांक 4 जनवरी, 2021 को ऑनलाइन आयोजित अभियांत्रिकी महाविद्यालयों की बीओजी बैठक के कॉमन निर्णय

1. तकनीकी शिक्षा विभाग के अन्तर्गत राज्य में 11 स्वयंयत्तशाषी अभियांत्रिकी महाविद्यालय स्ववित्तपोषित आधार पर खोले गए थे। वर्तमान व विगत वर्षों में छात्रों की प्रवेश संख्या में लगातार कमी आने के कारण इनकी वित्तीय स्थिति के दृष्टिगत इन महाविद्यालयों को तकनीकी विश्वविद्यालयों का संघठक महाविद्यालय बनाने व ब्लाक ग्रांट के प्रावधान एवं शैक्षणिक स्टाफ एवं ब्रांच का रेशनलाईजेशन के प्रस्ताव वित्त विभाग को भेजे जाने का निर्णय लिया गया।

2. राज्य में अभियांत्रिकी महाविद्यालय, बांसवाड़ा में जनजातीय क्षेत्र के छात्रों को सुविधा उपलब्ध कराने के उदेश्य से गत दिनों माननीय मुख्यमंत्री द्वारा आईटी लाईब्रेरी की घोषणा की गई। माननीय मंत्री महोदय द्वारा इसी प्रकार से अभियांत्रिकी महाविद्यालय झालावाड़ एवं महिला अभियांत्रिकी महाविद्यालय अजमेर में भी आई.टी. लाईब्रेरी शुरू करने की कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इसमें तकनीकी शिक्षा के साथ–साथ अकादमिक कॉलेजो के छात्रों को भी सुविधा मिलेगी। उक्त आईटी लाईब्रेरी की स्थापना का व्यय टेक्यूप–3 के अन्तर्गत किया जावें। इसके लिए संयुक्त सचिव, तकनीकी शिक्षा को नोडल अधिकारी लगाया जावें एवं इसमें एसपीए, टेक्यूप–3, जयपुर आवश्यक तकनीकी सहयोग देंवे।

3. कुलपति राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय कोटा को टेक्यूप स्कीम अन्तर्गत IT based digital library समस्त affiliated colleges के benefit हेतु निर्देश दिये गये।

4. सभी अभियांत्रिकी महाविद्यालयों में टेक्यूप फेकल्टी/नियमित फेकल्टी की कमी को पूरा करने के लिए Subject Lecture पैकेज की गाईडलाइन विभाग द्वारा तैयार की जाकर वित्त विभाग की सहमति प्राप्त की जावे।

5. बैठक में एस.पी.ए., टेक्यूप–3, जयपुर द्वारा अवगत कराया गया कि टेक्यूप–3 परियोजना के अन्तर्गत विभाग के सभी अभियांत्रिकी महाविद्यालयों के लिए आईटी आधारित लाइब्रेरी के अतिरिक्त प्रोक्योरमेंट पैकेज का कार्य 31 जनवरी, 2021 तक किया जाना है अतः इसके अनुमोदन हेतु एसपीए, टेक्यूप–3, जयपुर को शीघ्र ही जयपुर में एक बैठक आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये है।